भीम ❖ कार्यालय उप वन संरक्षक, जयपुर (उत्तर) ❖

पुराना कोल डिपो, झोटवाडा रोड, पानी पेच, जयपुर–302016 e-mail dcfjaipurnorth@gmail.com Ph. 0141-2303165

क्रमांक :– एफ( ) FCA/उवसंजउ / 2021–22 / दिनांक

निमित्त,

क्षेत्रीय वन अधिकारी,
अचरोल।

विषयः– प्रस्ताव ''Upgradation of Road from Bhanpura Kalan to Gol Via Nagal Tulsidas, Toda Meena, Tala, Jaichandpura , Gathwari, Bobari , Under PMGSY-III, District -Jaipur (Rajasthan)& FP/RJ/ROAD/149378/2021 के कम में।

सन्दर्भः– आपके कार्यालय के पत्र क्रमांक 170 दिनांक 10.03.2022 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि आप द्वारा यूजर ऐजेन्सी के कर्मचारियों के साथ दिनांक 10.03.2022 को वन क्षेत्र में पडने वाले रोड का संयुक्त निरीक्षण किया गया था। उक्त निरीक्षण पश्चात् बनाया गया मौका पंचनामा में वर्णित अनुसार यूजर ऐजेन्सी के प्रतिनिधि कर्मचारी श्री शंकर लाल पुत्र श्री कजोड मल गुर्जर हाल पद मैंसन एवं श्री गोकुल राम पुत्र श्री काना राम गुर्जर हाल पद मैंसन द्वारा अवगत कराया गया कि 3.75 मीटर चौडाई में डामर व 1.50 मीटर साईड की पटरी सहित रोड बनाई जावेगी। जिसमें कोई पेड नही आ रहे हैं। जबकि आवेदक ऐजेन्सी ने कार्यालय में वन संरक्षण (अधिनियम), 1980 के तहत डायवर्जन हेतु जमा कराई गयी पत्रावली के अनुसार इस कार्यालय अधिन क्षेत्र में 1794 मीटर लम्बाई व 7.5 मीटर चौडाई में कुल रकबा 1.3455 हैक्टर वन भूमि पर Road Upgradation करने की अनुमति चाही गई हैं। यूजर ऐजेन्सी के प्रतिनिधियों के साथ बनाये गये मौका पंचनामा व कार्यालय में जमा कराई गयी पत्रावली के अनुसार दोनों बातों में विरोधाभाष हैं। अतः यूजर ऐजेन्सी के प्रतिनिधि के साथ पुनः निरीक्षण कर स्पष्ट रिपोर्ट प्रेषित करावें कि यूजर ऐजेन्सी के द्वारा वन भूमि पर कितनी लम्बाई व चौडाई में रोड का Renewal & Strengthining किया जावेगा एवं पूर्व में कितनी चौडाई व लम्बाई में डामर / ग्रेवल रोड बना हुआ हैं।

(सुदीप कौर)
उप वन सरंक्षक
जयपुर (उत्तर)

क्रमांक :– एफ( ) FCA/उवसंजउ / 2021–22 / 6625-27 दिनांक 29-04-22

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अधीक्षण अभियन्ता, सा0 नि0 वि0 ग्रामीण वृत–जयपुर जेकब रोड, सिविल लाईन।
2. सहायक वन संरक्षक, जयपुर (उत्तर)
3. अधिशाषी अभियंता, सा0 नि0 विभाग, जिला खण्ड–बस्सी (जयपुर) को उनके कार्यालय के पत्र कमांक 2225 दिनांक 24.03.2022 के क्रम में देकर लेख है कि आप क्षेत्रीय वन अधिकारी, अचरोल के साथ पुनः निरीक्षण कर स्पष्ट रिपोर्ट प्रेषित करावें कि आप द्वारा कितनी लम्बाई एवं चौडाई में रोड का Renewal & Strengthining की जावेगी।

उप वन सरंक्षक
जयपुर (उत्तर)

Fca Inf 378